देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 24 अगस्त 2019। आई.ई.टी., देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु 26 अगस्त से 31 अगस्त 2019 तक एक सप्ताह का इंडक्शन कार्यक्रम **''शुभारम्भ''** आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्‌देश्य इंजिनियरिंग प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को कालेज के माहौल, सीनियर छात्र/छात्राओं, विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों से परिचय कराने के साथ ही आदर्श शिक्षण प्रक्रिया हेतु अनुकूल वातावरण का निर्माण करना है। इसी के साथ विद्यार्थियों को उनके विषय के विशेषतायें, परीक्षा संबंधी प्रक्रिया तथा अकादमिक सत्र की विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शैलेन्द्र सिंह खींची के अनुसार इंडक्शन कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 10:30 से सायं 4:30 तक विश्वविद्यालय सभागार, खण्डवा रोड परिसर में आयोजित किया जायेगा। इस दौरान विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों एवं विषयों से संबंधित विशेषज्ञों के व्याख्यान सुन सकेंगे साथ ही वे सांस्कृतिक एवं खेल संबंधी गतिविधियों में भी हिस्सा ले सकेंगे।

इंडक्शन कार्यक्रम के प्रथम दिन, दिनांक 26 अगस्त 2019 को प्रथम सत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, VSM, ग्रुप कमांडर NCC इन्दौर तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. अभय वानखेड़े, समन्वयक AICTE होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रेणु जैन, कुलपति, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर करेंगी।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी